हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)

रायपुर नाका दुर्ग (छ.ग.).491001

ई मेल : registrar@durguniversity.ac.in *वेब साइट : www.durguniversity.ac.in* *दूरभाष : 0788-2359100*

।। अपील ।।

दुर्ग, दिनांक 07.04.2020

इस समय देश एवं प्रदेश नोवेल कोरोना वायरस कोविड–19 के संक्रमण के कारण उत्पन्न महामारी एवं विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है। संपूर्ण प्रदेश को लॉकडाउन किया जा चुका है। नोवेल कोरोना वायरस कोविड–19 के विस्तार को रोके जाने हेतु यही एकमात्र साधन है। इस हेतु राष्ट्र एवं राज्य स्तर पर मिल कर विशेष प्रयास किये जा रहे हैं।

विश्वविद्यालय समस्त छात्र/छात्राओं से यह अपील करता है कि छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार परीक्षाएं आयोजित होने पर "कम गैप देकर" अवकाश के दिनों में भी परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। अतः छात्रों से अनुरोध है कि वे उसी अनुसार अपनी परीक्षा की तैयारी रखें। शासन के निर्देश की प्रतीक्षा करें एवं अद्यतन जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.durguniversity.ac.in का निरंतर अवलोकन करते रहें।

विश्वविद्यालय समस्त प्राचार्यों से भी यह अनुरोध करता है कि वे छात्रों के लिए डिजिटल माध्यमों यथा ई–मेल, ऑनलाईन या व्हाट्सएप के माध्यम से शिक्षण अधिगम सामग्री उपलब्ध कराएं ताकि छात्रों की यथासमय तैयारी में मदद हो सके।

नोवेल कोरोना वायरस कोविड–19 से बचाव एवं इसके विस्तार को रोकने के लिये हम सभी को मिलकर यथासंभव प्रयास करना होगा तभी हमें इस महामारी से बचने में सफलता प्राप्त हो सकती है।

(कुलपति महोदया के आदेशानुसार)

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

- ➢ कोरोना वायरस (COVID-19) से बचने के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिये जा रहे दिशा–निर्देशों का पालन करें।
- ➢ कोरोना वायरस से खुद बचें तथा औरों को बचाएं।